जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति	दिनांक-02.04.2025

थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामदः-

दिनांक 01.04.2025 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है, जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.राशिद मलिक पुत्र कामिल मलिक निवासी मौहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.अवैध 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 श्री सतीश त्यागी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.है0का0 योगेन्द्र सिंह थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

3.का0 अजीत सिंह थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

<u>थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा लापरवाही से वाहन चलाकर टक्कर मारने के मामले में वांछित रोडवेज चालक गिरफ्तार।</u>

ज्ञात हो कि दिनांक 23.03.2025 को थाना आदर्शमंडी क्षेत्रान्तर्गत सहारनपुर रोड़ स्थित गंगा अमृत अस्पताल से आगे चौधरी ढाबे के सामने मोटर साईकिल सवार क्रिश सैनी व नितिश कुमार की अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी गयी थी। दुर्घटना में क्रिश सैनी व उसका भाई नितिश कुमार की मौके पर मृत्यु हो गयी थी व घटना के सम्बन्ध में आनन्द किशोर पुत्र शम्भू सिंह ग्राम मन्टी हसनपुर थाना थानाभवन जनपद शामली की तहरीर के आधार पर थाना आदर्शमंडी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश प्रभारी निरीक्षक आदर्शमंडी को दिये गये थे।

इसी क्रम में दिनांक 01.04.2025 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे वांछितो से सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा लापरवाही से वाहन चलाकर टक्कर मारने के मामले में वांछित रोडवेज चालक को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमंडी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>

1.शमीउल्ला पुत्र अमजद अहमद निवासी अम्बेहटा पीर थाना नकुड जनपद सहारनपुर।

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>

1.उ0नि0 ब्रजपाल शर्मा थाना आदर्शमंडी जनपद शामली।

2.है0का0 संजय कुमार थाना आदर्शमंडी जनपद शामली।